# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का न्यायालय, गुमला
## (विधि भाखा)
## आ दे श

अनुमति वाद (Permission) सं0–80/2023–24

बरनाबस मुण्डा वगै0

–बनाम–

मेसर्स हिण्डालको इंडस्ट्रीज लि0

20.07.24

आवेदक 1. बरनाबस मुण्डा पिता–जेनो मुण्डा 2. सुधीर मुण्डा 3. वाल्टर सारस दोनों के पिता–तिमोथी मुण्डा उर्फ तिमोथी सारस सभी मौजा–बरपाठ (गुरदरी) थाना–बिशुनपुर जिला–गुमला के द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा – 49 के अंतर्गत् अपने स्वामित्त्व के निम्नांकित भूमि को पथरीली होने एवं उपज नहीं होने के कारण मेसर्स हिण्डालको इंडस्ट्रीज लि0 लोहरदगा को 20 (बीस) वर्ष की अवधि के लिए लीज में देने हेतु अनुमति के निमित्त आवेदन देकर अनुरोध किए हैं।

| क्र0 | मौजा | थाना सं0 | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा (ए0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुरदरी | 40 | 4 | 3035 | 1.67 |
| | | | | 3101 | 1.66 |

3.33 **ए0**

आवेदन पर सुनवाई दिनांक – 28.08.2023 को प्रारंभ करते हुए आम नोटिस निर्गत करने के साथ संबंधित अंचल अधिकारी, बिशुनपुर से वर्णित भूमि व विषय के परिप्रेक्ष्य में जाँच–प्रतिवेदन, मंतव्य के साथ उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

अंचल अधिकारी, बिशुनपुर का जाँच प्रतिवेदन इस कार्यालय के पत्रांक –1146/विधि, दिनांक – 14.09.2023 के आलोक में प्राप्त व अभिलेख में संधारित है, जो निम्न अनुसार है :–

**प्रतिवेदनानुसार –**

**–: लीज हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण :–**

| मौजा | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा |
|---|---|---|---|
| गुरदरी | 04 | 3035 | 1.67 ए0 |
| | | 3101 | 1.66 ए0 |

जमाबंदी संख्या –04

जमाबंदीदार का नाम – जलसु भुइहर वगै0 पिता–मघना भुइहर

आवेदित भूमि का कुल रकबा – 3.33 ए0

भूमि का किस्म – टांड़/II

भूमि का बिक्री मूल्य – 221600.00 रू0 प्रति एकड़

लीज देने के पश्चात् आवेदक/आवेदकों की शेष भूमि –15.74 ए0

अंचल अधिकारी, बिशुनपुर के प्रतिवेदनानुसार आवेदित भूमि के आवेदक, खतियानी रैयत के पोतागण है।

आवेदक/आवेदकों का बयान श्री विजय सिंह विरुवा प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि भाखा गुमला द्वारा दिनांक–21.11.2023 को व्यान लिया गया। आवेदक ने अपने बयान में कहा है कि वे अपने स्वेच्छा एवं सहमति से अपने हिस्से की जमीन कंपनी को दे रहे हैं। आवेदकों द्वारा व्यान में बताया गया कि अपने अपने हिस्से की भूमि को 20 वर्षो के लिए बॉक्साईड खनन हेतु

Scanned with OKEN Scanner

